भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 956
06 दिसंबर, 2021 को उत्तर के लिए

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि. (सेल) के कच्चा माल डिविजन को बंद करना

956. श्री देरेक ओब्राईन:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दुर्गापुर और बर्नपुर संयंत्रों के 14,500 कर्मचारियों को वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध कराया गया है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) देश के इन सबसे पुराने कच्चा माल डिविजनों को किन मानदंडों के आधार पर बंद किया गया?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क) से (ग): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की लौह अयस्क खदानें ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ राज्यों में स्थित हैं, किन्तु लौह अयस्क दुर्गापुर इस्पात संयंत्र, दुर्गापुर तथा इस्को इस्पात संयंत्र, बर्नपुर सहित सेल के सभी संयंत्रों को कच्चा माल आवंटन के लिए केन्द्रीय समन्वय प्रणाली के तहत उनकी वार्षिक उत्पादन योजना के अनुसार भेजा जाता है। कच्चा माल प्रभाग, कोलकाता के अंतर्गत खान और कोयला-खान प्रभाग के संगठनात्मक ढाँचों को सेल द्वारा दिनांक 01.07.2021 से पुनर्गठित किया गया है। यह पुनर्गठन संयंत्रों/खदानों के दक्षतापूर्ण कार्यकरण तथा सुचारू प्रचालन, स्थानीय/राज्य प्रशासन के साथ दैनिक आधार पर जुड़ने के लिए संयंत्रों के पहले से ही स्थापित संप्रेषण माध्यमों के जरिए संबंधित राज्य सरकारों के साथ सतत् आधार पर निकट संपर्क बनाए रखने के लिए किया गया है, ताकि समय-समय पर उत्पन्न होने वाले विभिन्न मुद्दों का शीघ्रतापूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से समाधान किया जा सके और साथ ही, संयंत्रों की अवसंरचना तथा लॉजिस्टिक का लाभ उठाने, खदानों के लिए प्रशिक्षित और कुशल कार्मिक शक्ति के परिनियोजन हेतु अधिक लचीलापन तथा खदानों के स्थान आदि में तैनात कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए कैप्टिव स्टील टाउनशिपों में बेहतर बैक-एंड सुविधाओं के लिए किया गया है।

जुलाई, 2021 में पुनर्गठन के बाद, सेल के सभी एकीकृत इस्पात संयंत्रों (आईएसपी) में लौह अयस्क की आपूर्ति पूर्ववत् जारी है और दुर्गापुर इस्पात संयंत्र, दुर्गापुर तथा इस्को इस्पात संयंत्र, बर्नपुर, दोनों में सामान्य प्रचालन पूर्व की भाँति जारी है।

***